दिन– गुरूवार दिनांक– 02 / 10 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.57 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक विजयादशमी का त्योहार आज हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। पटना के गांधी मैदान में रावण दहन कार्यक्रम का हुआ आयोजन।

02. कृतज्ञ राष्ट्र आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है।

03. आरएसएस आज अपना शताब्दी वर्ष समारोह मना रहा है। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने आत्मनिर्भर भारत को महत्वपूर्ण बताते हुए स्वदेशी अपनाने पर बल दिया।

05. और, मौसम विभाग ने कल गयाजी, कैमूर और पश्चिम चंपारण जिले में अत्यंत भारी बारिश को लेकर रेड अलर्ट जारी किया।

---

विजयादशमी यानी दशहरा का पर्व आज परंपरागत आस्था और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। यह दिन नवरात्रि अनुष्ठान और दुर्गा पूजा के समापन तथा बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। दशहरा के मौके पर पटना के गांधी मैदान में आज शाम रावण पुतला दहन का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया।

–––बाइट–––

बारिश के बीच पटना के गांधी मैदान में रावण वध का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समेत राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्य मौजूद रहे। इस बार रावण का अस्सी फीट, कुभंकरण का पचहत्तर फीट और मेघनाद का सत्तर फीट ऊंचा पुतला बनाया गया था। साथ ही सोने की लंका भी सजाई गयी थी। इस कार्यक्रम में इकोफ्रेंडली पटाखे का इस्तेमाल कर के पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। पटना और आस–पास के क्षेत्रों से हजारों की संख्या में गांधी मैदान पहुंचे लोग बुराई के प्रतीक के रूप में लंका दहन के दृश्य से भाव–विभोर हो गए। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से आशीष रंजन।

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोगों को विजयादशमी की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि विजयादशमी का पर्व सभी को सत्य और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विजयादशमी पर हर किसी के साहस, बुद्धि और भक्ति के मार्ग पर निरंतर

आगे बढ़ने की कामना की है। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा है कि यह पर्व हमें ईमानदारी, सच्चरित्रता, सहिष्णुता, सेवा और करूणा जैसे मूल्यों को आत्मसात करने की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने संदेश में लोगों से सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में इस पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाने की अपील की है।

---

नवरात्रि संपन्न होने के बाद आज से मां दुर्गा और अन्य देवी–देवताओं की प्रतिमा का विसर्जन शुरू हो गया है। राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के दिशा–निर्देश के अनुरूप विसर्जन के लिए नदी घाटों पर कृत्रिम तालाब बनाए गये हैं। वहीं, विसर्जन जुलूस के दौरान विधि–व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी जिलों में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। संवेदनशील स्थानों की पहचान कर दंडाधिकारियों के नेतृत्व अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गयी है।

---

कृतज्ञ राष्ट्र आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनकी एक सौ छप्पनवीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। इस अवसर पर नई दिल्ली में राजघाट स्थित बापू की समाधि पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गांधी जी की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की। इधर, प्रदेश में मुख्य समारोह पटना के गांधी मैदान में आयोजित किया गया जहां राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित अन्य गणमान्य लोगों ने गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इधर, जिला मुख्यालयों से हमारे संवाददाताओं ने बताया कि गांधी जयंती पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। साथ ही कई जगहों पर स्वच्छता अभियान भी चलाए गए। पटना स्थित इनर्जी इंटरनेशनल में अध्यक्ष विजय नारायण झा के नेतृत्व में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गयी। साथ ही संस्थान की ओर से स्वच्छता अभियान भी चलाया गया।

---

पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर भी कृतज्ञ राष्ट्र उन्हें याद कर रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उप राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शास्त्री जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पटना में राजकीय जयंती समारोह का आयोजन शास्त्रीनगर पार्क में किया गया, जहां राज्यपाल आरिफ मोहम्मद

खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत अन्य गणमान्य लोगों ने शास्त्री जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

---

गृह मंत्री अमित शाह ने महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर आज नई दिल्ली स्थित खादी ग्रामोद्योग भवन में जीएसटी बचत उत्सव के अंतर्गत खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों पर राष्ट्रव्यापी छूट का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री शाह ने देशवासियों से खादी के उपयोग को बढ़ावा देने और स्वदेशी उत्पाद अपनाने के अभियान को प्रोत्साहित करने की अपील की।

———बाइट———

देश की जनता को गांधी जयंती के दिन अपील करना चाहता हूं कि नरेंद्र मोदी जी ने दो अभियान चलाएं हैं। खादी के उपयोग का और स्वदेशी अपनाने का। ये दोनों अभियानों हम ताकत दें। हमारे स्वभाव का हिस्सा बनाएं अगली पीढ़ी को भी ये दोनों अभियान हम देकर जाएं। खादी और स्वदेशी और ऊचांइ प्राप्त करें और इसके माध्यम से 2047 में हमारा देश फिर से एक बार दुनिया में सर्वोच्च स्थान पर पहुंचे। यही मेरी देशवासियों को गांधी जयंती के दिन करबद्ध विनती भी है।

---

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ– आरएसएस आज अपना शताब्दी वर्ष समारोह मना रहा है। संघ की स्थापना उन्नीस सौ पच्चीस में विजयादशमी के दिन समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण में योगदान के उद्देश्य से की गई थी। इस अवसर पर नागपुर में आयोजित कार्यक्रम में सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा कि स्वदेशी और स्वावलम्बन का कोई विकल्प नहीं है। उन्होने कहा कि कोई भी राष्ट्र अलग–थलग नहीं रह सकता है, इसलिए हमें अपने अंतर्राष्ट्रीय और व्यापारिक संबंधों को यथावत रखना चाहिए। डॉ. भागवत ने कहा कि पहलगाम हमले के बाद की गई जवाबी कार्रवाई के दौरान, हमने देश के नेतृत्व की दृढ़ता, हमारे सैन्य बलों की वीरता, युद्ध–तत्परता और समाज के दृढ़ संकल्प तथा एकता के उत्साहजनक दृश्य देखे।

———बाइट———

एक दुर्घटना पहलगाम की भी हुई सीमा पार के आतंकियों के द्वारा 26 भारतीय नागरिकों की उनका धर्म पूछ कर हत्या की। पूरी तैयारी करके सरकार ने, हमारी सेना ने उसका बहुत पुरजोर उत्तर दिया। वह घटना हमको सीखा गई कि यद्यपि हम सब के प्रति मित्र भाव रखते हैं और रखेंगे फिर भी अपने सुरक्षा के विषय में हमको आधिकाधिक सजग रहना पड़ेगा, समर्थ बनना पड़ेगा।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आरएसएस के सौ वर्ष पूरे होने पर संगठन के राष्ट्र निर्माण को समर्पित सेवा की सराहना की। सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत के प्रेरक संबोधन का उल्लेख करते हुए, प्रधानमंत्री ने राष्ट्र निर्माण में संघ की महत्वपूर्ण भूमिका

और भारत के सभ्यतागत मूल्यों के पोषण के प्रति उसकी अटूट प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। श्री मोदी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर एक लेख में अपने विचार साझा किए।

---

सेवा और सुशासन के मंत्र से प्रेरित सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में परिवर्तन और प्रगति लाने के अथक प्रयास कर रही है। विशेष श्रृंखला – सेवा पर्व में आज हम आपको बताएगें कि कैसे मोदी सरकार ने नक्सल मुक्त भारत का मार्ग प्रशस्त किया है।

---रिपोर्ट---

पिछले 11 वर्षों में नरेंद्र मोदी सरकार ने वामपंथी उग्रवाद को कतई बर्दाशत न करने की नीति अपनाई है। सरकारी योजनाओं के शत–प्रतिशत क्रियान्वयन के साथ, सरकार वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों का पूर्ण विकास करना चाहती है। इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस पर अपने सम्बोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि नक्सलवाद और माओवाद के कारण कभी लाल गलियारे के रूप में जाने–जाने वाले क्षेत्र अब हरित विकास के गलियारे बन रहे हैं। एक समय था कभी सवा सौ से ज्यादा जिलों में नक्सलवाद अपनी जडें जमा चुका था। माओवाद की चंगुल में हमारे जनजातिय क्षेत्र, हमारे जनजातिय नौवजवान फंसे हुए थे और आज सवा सौ जिलों से कम होते–होते हम बीस पर ले आये। उन जनजाति समाज की सबसे बडी हमने सेवा की। मोदी सरकार ने वामपंथी उग्रवाद से निपटने के लिए दो प्रमुख नियम बनाए हैं। पहला, नक्सल प्रभावित इलाकों में हिंसा को समाप्त करने के लिए कानून–व्यवस्था लागू करना। और दूसरा, वर्षों से जारी नक्सलवादी गतिविधियों के कारण विकास की दौड में पिछड गये क्षेत्रों में तेजी से विकास करना। नक्सल प्रभावित इलाकों में विकास के लिए, बजट आवंटन में 300 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। मोदी सरकार के प्रयासों से 2004 से 2014 की अवधि की तुलना में नक्सली हिंसा की घटनाओं में 53 प्रतिशत की कमी आई है। सुरक्षा बलों के हताहत होने की संख्या में भी 73 प्रतिशत की कमी आई है। भारत सरकार ने अगले वर्ष 31 मार्च तक नक्सलवाद को पूरी तरह से समाप्त करने का लक्ष्य रखा है। सरकार ने वामपंथी उग्रवाद को क्षेत्रीय और परिचालन दोनों स्तरों पर काफ़ी कमज़ोर कर दिया है। सुरक्षा, विकास और अधिकार–आधारित सशक्तिकरण ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों का परिदृश्य बदल दिया है। सतत राजनीतिक इच्छाशक्ति और प्रशासनिक प्रतिबद्धता के साथ, वामपंथी उग्रवाद–मुक्त भारत का लक्ष्य अब ज्यादा दूर नहीं है। अनुपम मिश्रा की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से जागृति शर्मा।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से घोषित जीएसटी भारत उत्सव पिछले महीने की बाईस तारीख से शुरू हुआ और इससे समाज के हर वर्ग को लाभ हो रहा है। आज के अंक में आईए सुनते हैं– कृषि मशीनरी और उर्वरकों पर जीएसटी सुधारों के प्रभावों पर एक रिपोर्ट––

---रिपोर्ट---

अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों के तहत सरकार ने किसानों पर वित्तीय बोझ काम करने, ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने और आवश्यक कृषि उपकरणों को और अधिक किफायती बनाने के लिए जीएसटी में कटौती की है। स्प्रिंकलर, ड्रिप सिंचाई प्रणाली, कटाई मशीनरी और छोटे डीजल इंजन जैसे कृषि उपकरणों पर जीएसटी को पहले के 12 प्रतिशत कर स्लैब से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। इससे जल बचत सिंचाई को प्रोत्साहन मिलेगा, उत्पादकता बढ़ेगी और टिकाऊ कृषि को बढ़ावा मिलेगा। इसी प्रकार जैव कीटनाशकों और कई सूक्ष्म पोषक तत्वों पर जीएसटी 5 प्रतिशत कर दिया गया है। इसके साथ ही अमोनिया, सल्फ्यूरिक एसिड और नाइट्रिक एसिड जैसे उर्वरकों पर जीएसटी 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। इसे उर्वरक सस्ते हो जाएंगे और किसान जैव कीटनाशकों के उपयोग के लिए प्रोत्साहित होंगे। जिससे मिट्टी और फसल की गुणवत्ता में सुधार होगा। कर कम कटौती से किसानों की लागत कम

होगी और पर्यावरण के अनुकूल खेती को बढ़ावा मिलेगा। सस्ते उर्वरक और कृषि मशीनें उत्पादकता को बढ़ावा देंगे। जिससे भारतीय कृषि मजबूत और आत्मनिर्भर बनेगी। सौम्या शरण आकाशवाणी समाचार दिल्ली।

---

बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव का क्षेत्र बनने के चलते प्रदेश में कल से रूक–रूक कर बारिश का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान बरौनी में सबसे अधिक एक सौ साठ दशमलव चार मिलीमीटर बारिश हुई है। मौसम विभाग ने कल गयाजी, कैमूर और पश्चिम चंपारण जिले में अत्यंत भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इसे लेकर रेड अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सीवान, रोहतास, औरंगाबाद, नवादा, बक्सर और शिवहर समेत कई जिलों में भारी से अति भारी बारिश की चेतावनी जारी की गयी है।

---

बेगूसराय जिला आज अपना तिरेपनवां स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से कई कार्यक्रम आयोजित किये गए। केंद्रीय मंत्री और स्थानीय सांसद गिरिराज सिंह ने स्थापना दिवस पर जिलावासियों को बधाई और शुभकानाएं दी हैं।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक विजयादशमी का त्योहार आज हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। पटना के गांधी मैदान में रावण दहन कार्यक्रम का हुआ आयोजन।

02. कृतज्ञ राष्ट्र आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है।

03. आरएसएस आज अपना शताब्दी वर्ष समारोह मना रहा है। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने आत्मनिर्भर भारत को महत्वपूर्ण बताते हुए स्वदेशी अपनाने पर बल दिया।

05. और, मौसम विभाग ने कल गयाजी, कैमूर और पश्चिम चंपारण जिले में अत्यंत भारी बारिश को लेकर रेड अलर्ट जारी किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।